छोटे-मध्यम उद्योगों के लिए 10,000 करोड़

कैबिनेट ने एसएमई ग्रोथ फंड को दी मंजूरी, मजदूरों व परिवहन मामलों में भी फैसले

नवभारत न्यूज नेटवर्क

नई दिल्ली, 6 अक्टूबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को एसएमई ग्रोथ फंड की स्थापना के लिए भारत सरकार की ओर से 10,000 करोड़ रुपये की प्रतिबद्धता को मंजूरी दे दी.



इसका मुख्य उद्देश्य छोटे और मध्यम उद्यमों को विकास-उन्मुख पूंजी उपलब्ध कराकर उन्हें विनिर्माण, सेवा, प्रौद्योगिकी और नवाचार-संचालित क्षेत्रों में 'चैंपियन' कंपनियों के रूप में उभरने में सक्षम बनाना है.

यह फैसला केंद्रीय बजट 2026-27 के पैरा 28 में की गई घोषणा का हिस्सा है. बजट में पूरे एमएसएमई इकोसिस्टम को इक्विटी, लिक्विडिटी और पेशेवर सहायता देने का लक्ष्य रखा गया था. अभी तक मौजूद ज्यादातर फंड शुरुआती चरण के या सूक्ष्म उद्यमों पर केंद्रित हैं. छोटे और मध्यम उद्यमों के लिए दीर्घकालिक इक्विटी ग्रोथ कैपिटल की कमी बनी हुई थी. एसएमई ग्रोथ फंड इसी संरचनात्मक कमी को दूर करने के लिए लाया गया है. यह फंड उन उच्च-क्षमता वाले एसएमई को लंबे समय के लिए विकास-उन्मुख इक्विटी पूंजी (पेशेंट ग्रोथ इक्विटी कैपिटल) मुहैया कराएगा, जिनकी व्यावसायिक व्यवहार्यता और विस्तार की क्षमता साबित हो चुकी है. फंड से आवंटित राशि का बड़ा हिस्सा विनिर्माण क्षेत्र के छोटे और मध्यम उद्यमों को दिया जाएगा.

दिवाली से पहले तोहफा, सरकार ने बढ़ाई न्यूनतम मजदूरी

दशहरा और दिवाली से पहले केंद्र सरकार ने दैनिक मजदूरी पर काम करने वाले श्रमिकों को राहत दी है. सरकार ने वेरिएबल महंगाई भत्ता में संशोधन करते हुए खेती, कंस्ट्रक्शन, माइनिंग, सफाई, लोडिंग-अनलोडिंग और वॉच एंड वार्ड जैसे क्षेत्रों में काम करने वाले श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी बढ़ा दी है. नई दरें 1 अक्टूबर 2026 से लागू हो गई हैं. कृषि क्षेत्र में 537 रुपये से 705 रुपये तक प्रतिदिन की मजदूरी तय की गई है. वहीं कंस्ट्रक्शन क्षेत्र में 840 रुपये से बढ़ाकर 1,111 रुपये तक प्रतिदिन की मजदूरी कर दी गई है. इसके अलावा खनन क्षेत्र में हाई स्किल्ड श्रमिक के लिए खान के बाहर यह दर 979 रुपये और खान के अंदर 1,095 रुपये प्रतिदिनतय की गई है.

एकीकृत परिवहन एवं लॉजिस्टिक्स प्राधिकरण को मंजूरी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार को एकीकृत परिवहन एवं लॉजिस्टिक्स प्राधिकरण (आईटीएलए) की स्थापना को मंजूरी दे दी. इस फैसले का उद्देश्य विभिन्न परिवहन मंत्रालयों और एजेंसियों के बीच बिखरी हुई योजना और क्रियान्वयन के कारण लंबे समय से चली आ रही चुनौतियों का समाधान करना है. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने परिवहन और लॉजिस्टिक्स के व्यापक क्षेत्रों में अनुसंधान, योजना, मूल्यांकन, निगरानी और प्रभाव आकलन को मजबूत करने आईटीएलए नामक विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) की स्थापना को मंजूरी दी. बेहतर समन्वय और मल्टीमॉडल एकीकरण से देशभर में बुनियादी ढांचे के विकास की दक्षता, स्थिरता और प्रभावशीलता बढ़ेगी.

ट्रेलर में घुसी बोलेरो कार, 6 की मौत

भावनगर. गुजरात के भावनगर जिले में सड़क हादसा 6 कर्मचारियों की मौत हो गई है. भावनगर के पास त्रापज के निकट एक तेज रफ्तार बोलेरो कार आगे चल रहे एक ट्रेलर में पीछे से जा घुसी. यह टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार में सवार 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 1 व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया. प्रारंभिक पुलिस जांच के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो कार में सवार सभी लोग अलंग शिपब्रेकिंग यार्ड के 2 अलग-अलग प्लॉट के स्टाफ सदस्य थे. हादसे में जान गंवाने वाले 6 लोगों की पहचान विजयभाई, साधुभाई, जिग्नेश भाई, भार्गवभाई, हिरेनभाई और योगेशभाई के रूप में हुई है. दर्दनाक हादसे की खबर मिलते ही अलंग शिपयार्ड और मृतकों के परिवारों में शोक की लहर दौड़ गई है.

फ्लाईदुबई घटना के लिए ईरान जिम्मेदार : ट्रंप

वाशिंगटन, 6 अक्टूबर(एजेंसी). फ्लाईदुबई की दुबई-तेल अवीव उड़ान में हुए आतंकी हमले को लेकर अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के अलग-अलग बयान सामने आए हैं.



ट्रंप ने व्यक्तिगत तौर पर हमले के लिए ईरान को जिम्मेदार माना. वहीं वेंस ने कहा कि उन्हें इस साजिश को ईरान से जोड़ने वाला कोई ठोस सबूत नहीं मिला है. दोनों बयानों के बाद अब जांच एजेंसियों की रिपोर्ट पर निगाहें टिक गई हैं. व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ट्रंप से पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि फ्लाईदुबई विमान पर हुए हमले के पीछे ईरान था. ट्रंप ने कहा कि व्यक्तिगत तौर पर उन्हें ऐसा लगता है. हालांकि उन्होंने इसके समर्थन में कोई सार्वजनिक सबूत पेश नहीं किया. उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने मामले में सावधानी बरतते हुए कहा कि फिलहाल उन्हें तेहरान को इस साजिश से जोड़ने वाला पुख्ता प्रमाण नहीं मिला है. उन्होंने कहा कि विमान को नुकसान पहुंचाने या अपहरण की कोशिश के पीछे किसका हाथ था, इसका निष्कर्ष खुफिया जांच के बाद ही सामने आएगा.

विमान नहीं रुकता तो इजराइल नष्ट कर देता

हाईजैक प्रयास के बाद इजराइल की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है. विमान में 150 से ज्यादा इजराइली नागरिक सवार थे, लेकिन अगर विमान इजराइल की ओर बढ़ता और उसके हाईजैक होने की पुष्टि हो जाती तो उसे मार गिराने का विकल्प सक्रिय किया जा सकता था.

हमामी की जांच जरूरी : वेंस

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा है कि हमामी के व्यवहार को लेकर पहले ही चिंता जताई जा चुकी थी. उसे यात्री विमान में उड़ान ड्यूटी कैसे मिली, इसकी जांच जरूरी है. ओमान ने कहा है कि किसी दूसरे देश ने हमामी की पृष्ठभूमि से जुड़ी जानकारी नहीं मांगी थी. मामला 30 सितंबर की फ्लाईदुबई उड़ान से जुड़ा है.

कैप्टन स्मित के सिर में फ्रेक्चर

हमले में कैप्टन स्मित के सिर में गंभीर चोट लगी और डिप्रेस्ड फ्रैक्चर हुआ. उन्हें पहले सऊदी अरब में आपातकालीन चिकित्सा दी गई, जिसके बाद बेहतर इलाज के लिए अबू धाबी ले जाया गया. उड़ान के दौरान ओमान के को-पायलट हम्मामी ने कैप्टन स्मित पर हमला किया था. इस दौरान उनके सिर पर भी चोट लगी, जिससे सिर की हड्डी टूट गई.

एमपीपीएसी पर आरोपों के बीच फडणवीस ने बनाई जांच कमेटी

- दायरे में आएंगे अध्यक्ष और सदस्य

नवभारत न्यूज़

मुंबई, 6 अक्टूबर. महाराष्ट्र में सरकारी नौकरी की परीक्षाएं कराने वाले महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर चल रहे विवाद के बीच मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बड़ा कदम उठाया है.

पेपर लीक और परीक्षा से जुड़ी गड़बड़ियों के आरोपों के बाद फडणवीस ने एमपीएससी के पूर्व और मौजूदा अध्यक्षों व सदस्यों के कामकाज की जांच के लिए एक कमेटी बनाने की सिफारिश की है. सूत्रों के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने मंगलवार को अपनी यह सिफारिश राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा को भेजी है. मुख्यमंत्री की सिफारिश के मुताबिक जांच कमेटी की अध्यक्षता हाईकोर्ट के एक सेवानिवृत्त जज को सौंपी जानी चाहिए. कमेटी को जांच तीन महीने में पूरी करनी है.



भाजपा के 8 उम्मीदवारों के नामांकन दाखिल



लखनऊ. उत्तर प्रदेश में राज्यसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी के आठ उम्मीदवारों ने मंगलवार को अपना नामांकन दाखिल कर दिया. विपक्षी समाजवादी पार्टी की ओर से तीसरा उम्मीदवार आखिर तक न उतारे जाने के कारण भाजपा के सभी आठ और सपा के दो उम्मीदवारों की जीत तय मानी जा रही है. नामांकन के दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ , प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े मौजूद थे.

सीएम मान के ऑफिस पर सीबीआई रेड

नवभारत न्यूज नेटवर्क

चंडीगढ़, 6 अक्टूबर. पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के चंडीगढ़ स्थित कैंप ऑफिस और उनके ओसीडी (ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी) राजबीर सिंह घुमन के घर पर सीबीआई ने छापेमारी की है.

वहीं, भ्रष्टाचार के आरोपों में सीबीआई ने भगवंत मान की खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दी है. यह कार्रवाई पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के उस आदेश के एक दिन बाद हुई है, जिसमें अदालत ने मुख्यमंत्री कार्यालय से जुड़े कथित भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो को मामला दर्ज करने का निर्देश दिया था. सीबीआई की कार्रवाई पर मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर प्रतिक्रिया दी. उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा पंजाब में आगामी चुनावों की तैयारी कर रही है और उनकी सरकार को बदनाम करने के लिए केंद्रीय जांच एजेंसियों का इस्तेमाल किया जा रहा है. मान ने कहा कि पंजाब की जनता से मिल रहे समर्थन से भाजपा घबरा गई है. अदालत ने विशेष रूप से ओएसडी राजबीर सिंह घुमन के नाम का जिक्र किया. कोर्ट के सामने पेश किए गए श्वेत के दस्तावेजों में उनका नाम कथित तौर पर सामने आया था. अदालत ने कहा कि उपलब्ध सामग्री प्रथम दृष्टया संज्ञेय अपराध की ओर इशारा करती है. साथ ही पंजाब सरकार और राज्य पुलिस को सीबीआई की जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया गया.

ओएसडी के घर भी छापेमारी

मामला प्रवर्तन निदेशालय की ओर से पंजाब सरकार में उच्चस्तरीय भ्रष्टाचार से जुड़े आरोपों से संबंधित है. सोमवार को पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए सीबीआई को इन आरोपों की जांच करने का आदेश दिया था.

एक भारतीय समेत 40 लोगों की छीन सकती है नागरिकता

नागरिकता छीनने की तैयारी में अमेरिका

वाशिंगटन, 6 अक्टूबर(एजेंसी). अमेरिका ने आधुनिक इतिहास में नागरिकता रद्द करने की सबसे बड़ी कार्रवाई शुरू की है, जिसके तहत 40 लोगों की अमेरिकी नागरिकता छीनी जा रही है.

इनमें भारतीय मूल का एक व्यक्ति भी शामिल है. यह जानकारी अमेरिकी न्याय विभाग ने दी है. अमेरिका की कई अदालतों में नागरिकता रद्द करने की कार्रवाई का सामना कर रहे इन 40 लोगों पर गंभीर अपराधों के आरोप हैं. इनमें विदेशी सरकार के लिए एजेंट के तौर पर काम करना, जानबूझकर हत्या (वॉलंटरी मैन्सलाटर) करना और विशेष जरूरतों वाले एक व्यक्ति के साथ गंभीर कुकर्म (एग्रवेटेड सोडमी) करना शामिल है. कैलिफोर्निया के बलविंदर सिंह पर राज्य की ईस्टर्न डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में नागरिकता रद्द करने की कार्रवाई चल रही है. उन पर आरोप है कि उन्होंने फर्जी पहचान का इस्तेमाल करके अमेरिका में दाखिला लिया और वहां की नागरिकता हासिल की.

कार्गो हमले को लेकर भारत ने जताई नाराजगी

कीव. रोमानिया की समुद्री सीमा के बाहर काला सागर में तुर्की के एक सिविलियन कार्गो जहाज पर रूसी ड्रोन हमले में कम से कम दो क्रू मेंबर मारे गए और एक भारतीय समेत कुछ अन्य लोग घायल हो गए. मामले को लेकर भारत की प्रतिक्रिया सामने आई है. वहीं, अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजर रहे पनामा के झंडे वाले कमर्शियल जहाज पर हुए हमले के बाद भारत ने इस पर कड़ा विरोध जताया है. ओमान के तट के पास एक कमर्शियल जहाज सवार 11 भारतीय नागरिक घायल हो गए हैं. विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को इस घटना की पुष्टि की है.


हाईवे पर खड़े वाहनों की हो निगरानी

सुप्रीम कोर्ट ने एनएचएआई से मांगा जवाब

नवभारत न्यूज नेटवर्क

नई दिल्ली, 6 अक्टूबर. राष्ट्रीय राजमार्गों पर अवैध और खतरनाक तरीके से खड़े वाहनों के कारण होने वाले सड़क हादसों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है.

मंगलवार को मामले की सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से पूछा कि हाईवे पर खड़े या पार्क किए गए वाहनों की तुरंत पहचान और निगरानी के लिए इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस सिस्टम क्यों नहीं लगाया जा सकता. यह मामला राजस्थान के फलोदी में नवंबर 2025 में हुए एक सड़क हादसे से संबंधित स्वत: संज्ञान मामले की सुनवाई के दौरान सामने आया. इस हादसे में 15 लोगों की मौत हुई थी. कोर्ट ने हाईवे पर खड़े वाहनों से होने वाले हादसों को गंभीर विषय बताते हुए निगरानी व्यवस्था को और प्रभावी बनाने की जरूरत पर जोर दिया. मामले की सुनवाई जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ कर रही है. सुप्रीम कोर्ट की सहायता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता और एमिकस क्यूरी एएनएस नाडकर्णी ने सुनवाई के दौरान हाईवे पर वाहनों की पार्किंग से जुड़े कुछ हालिया सड़क हादसों का उल्लेख किया.




नौसेना में शामिल हुआ आईएनएस सूर्या

नवभारत न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली, 6 अक्टूबर. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को विशाखापट्टनम स्थित हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड में कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का उद्घाटन किया.

उन्होंने पहली स्वदेशी फ्लीट सपोर्ट शिप एफएसएस-1 यानी आईएनएस सूर्य को लॉन्च किया, पांचवीं फ्लीट सपोर्ट शिप एफएसएस-5 की कील रखी और अपग्रेडेड स्लिपवे-4 तथा 300 टन के गोलियथ क्रेन का उद्घाटन किया. यह घटना भारतीय नौसेना की समुद्री क्षमता बढ़ाने और स्वदेशी जहाज निर्माण को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम है. रक्षा मंत्री ने कहा कि एफएसएस-1 का जलावतन उपलब्धि का प्रतीक है, एफएसएस-5 कील रखना संकल्प का प्रतीक है. नया स्लिपवे बढ़ती क्षमता का प्रतीक है. फ्लीट सपोर्ट शिप कार्यक्रम भारतीय नौसेना की पहुंच को मजबूत करेगा. ये जहाज समुद्र में ही ईंधन और सहायता प्रदान करेगा.




मस्क फिर बने खरबपति

टेस्ला और स्पेसएक्स के शेयरों ने दिखाया दम

नवभारत न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली, 6 अक्टूबर.एलन मस्क एक बार फिर खरबपति बन गए हैं. अब मस्क का नेटवर्थ 1 ट्रिलियन डॉलर हो गया है. उनकी दौलत में उछाल के पीछे टेस्ला और स्पेसएक्स में उनकी हिस्सेदारी की कीमत तेजी से बढ़ने की वजह से उनकी संपत्ति 1 ट्रिलियन डॉलर पर पहुंच गई है.

वहीं, टेस्ला की तीसरी तिमाही की कारों की डिलीवरी उम्मीद से बेहतर रही, जिससे शेयर को सपोर्ट मिला. लिस्ट में अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस दूसरे नंबर पर हैं और उनकी संपत्ति करीब 371.5 अरब डॉलर आंकी गई है. यानी मस्क की दौलत उनसे कहीं ज्यादा है. रिपोर्ट के मुताबिक एलन मस्क की दौलत 1 ट्रिलियन पर पहुंच गई है.



ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के मुताबिक, सोमवार को मस्क का नेटवर्थ 62.6 अरब डॉलर बढ़कर 977 बिलियन डॉलर हो गया है. अक्टूबर की शुरुआत से अब तक स्पेसएक्स के शेयर करीब 13% और टेस्ला के शेयर करीब 6.7% चढ़ चुके हैं. ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स में लैरी पेज 294 अरब डॉलर के साथ दुनिया के दूसरे सबसे रईस शख्स हैं.

लखनऊ एयरपोर्ट में आग लगने से दो मजदूर झुलसे


लखनऊ. चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट परिसर में मंगलवार सुबह करीब 6:30 बजे मजदूरों की लेबर कॉलोनी में भीषण आग लग गई. आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में लपटें और धुआं दूर से दिखाई देने लगा. हादसे के बाद मजदूरों में अफरा-तफरी मच गई. एयरपोर्ट परिसर में टाटा प्रोजेक्ट्स की ओर से मजदूरों के रहने के लिए पीवीसी पैनल से तीन मंजिला आवास बनाया गया था. इसमें करीब 352 मजदूर रह रहे थे. सुबह एक मजदूर सिलेंडर से खाना बना रहा था, तभी अचानक आग लग गई. देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया. आग फैलने से पहले ही मजदूरों को आवास से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया.

एक नजर में

देवघर में फिल्मी अंदाज में एटीएम चोरी

देवघर. झारखंड के देवघर जिले के नंदन पहाड़ स्थित एसबीआई एटीएम में बदमाशों ने फिल्मी अंदाज में वारदात को अंजाम दिया. सोमवार देर रात कपड़े से चेहरा ढके कुछ बदमाश एटीएम के पास पहुंचे और शटर काटकर पूरी एटीएम मशीन को ही अपने साथ लेकर फरार हो गए. हालांकि पूरी घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई. घटना मंगलवार सुबह करीब 3 :30 से 4 :00 बजे के आसपास की है. पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस जांच में जुट गई है और सभी अपराधियों की खोजबीन में टीम को लगा दिया गया है.

58 :35 घंटे में 2532 किलोमीटर चलेगा अमृत भारत



अहमदाबाद. गुजरात से बिहार का करीब 2500 किलोमीटर का सफर अब यात्रियों के लिए थोड़ा आसान हो सकता है. रेलवे ने गुजरात के भुज और बिहार के बरौनी के बीच नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन को मंजूरी दे दी है. इस ट्रेन का रूट सिर्फ गुजरात और बिहार को नहीं जोड़ेगा, बल्कि रास्ते में राजस्थान और उत्तर प्रदेश के कई बड़े शहर भी आएंगे.

बीकानेर रेस्टोरेंट के नूडल्स में मिला काला कीड़ा

हापुड. जिले स्थित गढ़मुक्तेश्वर के बीकानेर रेस्टोरेंट में नूडल्स में कीड़ा मिलने का मामला सामने आया है. आरोप है कि रेस्टोरेंट में एक महिला ने नूडल्स ऑर्डर किए थे. उसकी नजर प्लेट में पड़े काले कीड़े पर गई. जिसके बाद महिला ने इसकी शिकायत तत्काल रेस्टोरेंट के मैनेजर और स्टाफ से की. खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने निरीक्षण किया और खाद्य पदार्थ का नमूना लिया.

हस्तियों के ट्वीट

भारतीय उद्योगपति और आरपीजी एंटरप्राइजेज के चेयरमैन हर्ष गोयनका ने एक्स पर एक अफ्रीकी कहावत साझा की. उन्होंने लिखा, जो व्यक्ति सवाल पूछता है, वह शायद ही कभी रास्ता भटकता है. गोयनका ने इसका अर्थ समझाते हुए कहा कि जिज्ञासा व्यक्ति को कुछ पल के लिए धीमा कर सकती है, लेकिन यही जिज्ञासा उसे गलत रास्ते पर जाने से बचाती है. उनके इस संदेश में सवाल पूछने, सीखने और सही दिशा चुनने के महत्व को रेखांकित किया गया है.

महिंद्रा ग्रुप के सीईओ आनंद महिंद्रा ने एक्स पर 'फिजिकल एआई' को लेकर अपना विचार साझा किया. उन्होंने कहा कि एआई अब सिर्फ लिखने, बोलने और नई चीजें बनाने तक सीमित नहीं है. इसका अगला बड़ा अवसर वास्तविक दुनिया के औद्योगिक कामकाज में है. ब्लास्ट फर्नेस चलाने, सीमेंट भट्ठी संभालने और पूरी फैक्ट्री के संचालन को मैनेज करने जैसी क्षमताएं उद्योगों में बड़ा बदलाव ला सकती हैं. नई तकनीक क्रांतिकारी उपयोगों में से एक साबित हो सकती है उन्होंने इस बदलाव में भारत के नेतृत्व की संभावना पर भी उत्साह जताया.

शिष्य की मौत पर घिरता जा रहा आश्रम

वीडियो में लड़खड़ाते दिखे रसिक दुलारी, जांच पर फिर उठे सवाल

नवभारत न्यूज़ नेटवर्क

वृंदावन, 6 अक्टूबर. संत प्रेमानंद के शिष्य रसिक दुलारी शरण की मौत के मामले में एक और सीसीटीवी फुटेज सामने आया है. 5 अक्टूबर को सामने आए करीब 12 सेकंड के इस वीडियो में रसिक दुलारी कमरे से निकलकर गैलरी की ओर जाते दिखाई दे रहे हैं.

वीडियो में वह धीरे-धीरे चलते और अपने कपड़े ठीक करते नजर आते हैं. इसके बाद वह सीढ़ियों की ओर मुड़ जाते हैं. पिछले कुछ दिनों में उनकी मौत से जुड़े चार अलग-अलग वीडियो सामने आ चुके हैं. लगातार सामने आ रहे इन फुटेज के स्रोत को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं. सभी वीडियो अलग-अलग समय पर व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए वायरल हुए हैं. पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि ये सीसीटीवी फुटेज किसके पास थे और इन्हें किसने सार्वजनिक किया. मामले में अब तक केली कुंज आश्रम से जुड़े 30 से अधिक लोगों से पूछताछ की जा चुकी है. पहला वीडियो 27 सितंबर को सामने आया था, जिसमें घटना के समय का फुटेज बताया गया. 3 अक्टूबर को सामने आए दूसरे वीडियो में रसिक दुलारी छत के पास दिखाई दिए. 4 अक्टूबर को सामने आए तीसरे फुटेज में वह सीढ़ियों से छत की ओर जाते नजर आए.



पांच करोड़ में दरबार बुलाए गए थे कोहली



श्रीकृष्ण जन्म-भूमि संघर्ष न्यास के अध्यक्ष दिनेश फलाहारी महाराज ने संत प्रेमानंद को बेलवन आश्रम छोड़कर गोवर्धन आने का आग्रह किया है. लिखे पत्र में उन्होंने संत की सुरक्षा पर चिंता जाहिर करते आश्रम में गुटबाजी का दावा किया है. आरोप लगाया है कि एक गुट ने भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली को 5 करोड़ रुपये देकर प्रेमानंद महाराज के दरबार में बुलाया था. इसके बाद महाराज की प्रसिद्धि देशभर में बढ़ी.

आज का इतिहास

1586- मुगल सेना ने कश्मीर में प्रवेश किया

1737- बंगाल में 20 हजार छोटे जहाज के समुद्र में 40 फुट नीचे डूबने से तीन लाख लोगों की मौत

1840- विलेम द्वितीय नीदरलैंड का राजा बना

1868 - अमेरिका में कोर्नोल विश्वविद्यालय खुला. इसमें 412 विद्यार्थियों का नामांकन हुआ था जो उस समय की सबसे बड़ी संख्या थी

1907- भारत के स्वतंत्रता संग्राम में क्रान्तिकारियों की प्रमुख सहयोगी दुर्गा भाभी का जन्म.


सर्विलांस से बचने के लिए आतंकियों का हाईटेक पैंतरा

- लोरा डिवाइस का कर रहे इस्तेमाल
- बिना सिम-इंटरनेट के करता है काम

नवभारत न्यूज़ नेटवर्क

श्रीनगर, 6 अक्टूबर. जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों के चौतरफा प्रहार और सर्विलांस चक्र से बचने के लिए घाटी में सक्रिय विदेशी आतंकियों ने नया हाईटेक पैंतरा अपनाया है.

सुरक्षा एजेंसियों के रडार से छिपने के लिए आतंकी अब बिना सिम कार्ड, मोबाइल नेटवर्क या वाई-फाई के काम करने वाली उन्नत रेडियो तकनीक 'लोरा' यानी लॉन्ग रेंज का इस्तेमाल कर रहे हैं. हाल ही में बडगाम जिले में हुई मुठभेड़ों के दौरान इस हाईटेक संचार व्यवस्था का खुलासा हुआ है. 29 सितंबर की रात को बडगाम के यूसमर्ग और दूधपथरी के अश्दर क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने लश्कर के टॉप कमांडर मोहम्मद आसिफ उर्फ हाशिम मूसा को ढेर किया था. उसके पास से हथियारों के साथ लोरा अल्ट्रा हैंडसेट बरामद हुआ था.



इन उपकरणों की सबसे बड़ी ताकत इनकी लंबी बैटरी लाइफ और रेंज है. ये इतने कम पावर पर चलते हैं कि एक छोटे लिथियम सेल पर वर्षों तक बिना बंद हुए काम कर सकते हैं. खुले इलाकों में ये 10 से 15 किलोमीटर की दूरी तक और घने जंगलों व मजबूत इमारतों के भीतर भी आसानी से टेक्स्ट मैसेज, जीपीएस लोकेशन, नक्शे और इमरजेंसी एसओएस अलर्ट भेज सकते हैं. लिलीगो टी-डेक या हेल्टेक वी3 जैसी मेश्टैस्टिक तकनीकों के जरिए इन उपकरणों को ब्लूटूथ से स्मार्टफोन से जोड़कर एन्क्रिप्टेड और सुरक्षित संदेश भेजे जाते हैं.

दूधपथरी में मारे गए विदेशी आतंकी यासिर, बडगाम के गुरवतकलां में हुई मुठभेड़ और दाछीगाम-पहलगाम के ऊंचे जंगलों में चलाए गए ऑपरेशन महादेव के दौरान भी आतंकियों के ठिकानों से यही लोरा उपकरण व बिना सिम वाले बर्नर फोन मिले थे. सुरक्षा विशेषज्ञों के अनुसार लोरा एक ऐसी पोर्टेबल और वायरलेस संचार तकनीक है जो बिजली की बेहद कम खपत में बिना किसी मोबाइल नेटवर्क या इंटरनेट के काम करती है. यह मुख्य रूप से 868 मेगाहर्ट्ज और 915 मेगाहर्ट्ज जैसे बिना लाइसेंस वाले सब-गीगाहर्ट्ज रेडियो फ्रीक्वेंसी बैंड का उपयोग करती है. इसमें मेश नेटवर्क तकनीक का इस्तेमाल होता है, जिसका मतलब है कि इसमें शामिल हर हैंडसेट खुद एक छोटे नेटवर्क टावर की तरह काम करता है. इसे चालू रखने के लिए न तो सिम कार्ड की जरूरत होती है व न ही इसकी लोकेशन मोबाइल टावर से पिंग होती है.

प्रतिवेदन — नोमुरा रिपोर्ट में मांग और पूर्ति तक प्रभावित होने की जताई आशंका

कमजोर मानसून के चलते और भड़केगी महंगाई

नवभारत न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली, 6 अक्टूबर. ब्रोकरेज हाउस नोमुरा ने कमजोर मानसून और जलाशयों में कम पानी को लेकर चिंता जताई है. इससे आने वाले महीनों में खाद्य महंगाई बढ़ सकती है और वित्त वर्ष 2027 की दूसरी छमाही में ग्रामीण मांग पर दबाव पड़ सकता है.

इस साल मानसून उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा और जलाशयों में पानी का स्तर भी पिछले साल की तुलना में कम है. इससे खाद्य कीमतों और खासकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर जोखिम बढ़ गया है. जून से सितंबर के बीच देश में दक्षिण-पश्चिम मानसून की कुल बारिश सामान्य से करीब 13% कम रही. यह 2015 के बाद सबसे खराब प्रदर्शन है और भारत मौसम विज्ञान विभाग के 10% कमी के अनुमान से भी कमजोर है. क्षेत्रीय स्तर पर बारिश की कमी ज्यादा गंभीर रही. पूर्व और पूर्वोत्तर भारत में बारिश 26% और दक्षिण भारत में 24% कम रही. सितंबर के आखिरी सप्ताह तक मौसम, कृषि और जल संबंधी मानकों के आधार पर देश के करीब आधे हिस्से में सूखे जैसी स्थिति थी. 2 अक्टूबर तक खरीफ फसलों की कुल बुवाई पिछले साल की तुलना में 1% कम रही. अगस्त के अंत में यह कमी 1.7% थी, यानी स्थिति में कुछ सुधार हुआ है.



चावल और सब्जियों की कीमतों में तेजी

खाद्य कीमतों में भी तेजी का दबाव दिखाई दे रहा है. अप्रैल से अब तक चावल की कीमत करीब 8.2% बढ़ चुकी है. सितंबर में प्याज की कीमतों में तेजी के कारण सब्जियों की कीमतों में भी तेज बढ़ोतरी हुई. दूध की कीमतें भी ऐतिहासिक स्तरों के मुकाबले ऊंची बनी हुई हैं. खाद्य एवं पेय पदार्थों की महंगाई अगस्त के 5.7% से बढ़कर अक्टूबर और नवंबर में 8.5-9% तक पहुंच सकती है. इसके बाद वित्त वर्ष 2027 की पहली छमाही में यह करीब 7% रह सकती है. ग्रामीण मांग से जुड़े संकेतक फिलहाल पूरी तरह कमजोर नहीं हुए हैं.